संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(17)RSMSSB/अर्थना/ज.सं.वि./2015/319 **दिनांक : 22.07.16**

बोर्ड द्वारा राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र के लिये निम्नलिखित पदो हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैः–

अनुसूचित क्षेत्र के लिये जल संसाधन विभाग के लिये राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2014 एवं राजस्थान अधीनस्थ अभियांत्रिकी सेवा (सिंचाई शाखा) नियम, 1967 के अन्तर्गत कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (यांत्रिक) के पदों हेतु सीधी भर्ती परीक्षा, 2016

पद व विभाग	पद कोड	पद संख्या	आयु (दिनांक 01.01.2017 को)	वेतनमान
अनुसूचित क्षेत्र			न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से कम।	रनिंग पे बेण्ड (9300–34800 रू) ग्रेड पे रू 3600/–
(i) कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारी),	01	29		
(ii) कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिप्लोमाधारी),	02	55		
(iii) कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक) (डिग्रीधारी),	03	04		
विभाग : जल संसाधन विभाग				

शैक्षणिक योग्यताः–

(केवल क्र.सं. (i) के लिये)

1. भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविधालय से सिविल अभियांत्रिकी मे उपाधि या सरकार द्वारा इससे समतुल्य घोषित अहर्ता।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

(केवल क्र.सं. (ii) के लिये)

1. किसी मान्यता संस्था से सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा

या

इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स द्वारा मान्यता प्राप्त सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा जो अध्ययनवृति परीक्षा से छूट के प्रयोजन के लिये हो।

2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

(केवल क्र.सं. (iii) के लिये)

1. भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविधालय से यांत्रिक अभियांत्रिकी मे उपाधि या सरकार द्वारा इससे समतुल्य घोषित अहर्ता।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

आवेदन करने की अवधिः– ऑनलाईन आवेदन पत्र **दिनांक 27.07.2016 से 27.08.2016** रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। परीक्षा शुल्क **दिनांक 27.07.2016 से 27.08.2016** को रात्रि 12 बजे (ई–मित्र कियोस्क पर रात्रि 8 बजे) तक ही जमा हो सकेगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

परीक्षा का माह व स्थानः–परीक्षा तिथि एवं समय की सूचना बोर्ड की वेबसाइट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जाएगी। कनिष्ठ अभियंता (सिविल) एवं (यांत्रिकी) के डिग्रीधारी एवं डिप्लोमाधारी पदों की भर्ती की परीक्षा एक ही समय एवं दिनांक को आयोजित की जायेगी। अतः उक्त पदों के लिये डिग्रीधारी एवं डिप्लोमाधारी अभ्यर्थी केवल एक ही पद डिग्री या डिप्लोमा हेतु आवेदन कर सकते है।

अन्य बिन्दु व सूचनाः– परीक्षा शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, आरक्षित पदों का वर्गीकरण एवं आयु में छूट के प्रावधान इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में है। विस्तृत विज्ञापन तथा परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। विस्तृत विज्ञापन राजस्थान रोजगार संदेश के आगामी अंक में प्रकाशित होगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त बेवसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावे।

(प्रदीप कुमार बोरड़)
सचिव